राजस्थान पत्रिका, पेज नंबर :- 02
दिनांक :- 19/12/2024

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच आज खेला जाएगा अंतिम टी-20 मुकाबला

# आज मध्य रात्रि बाद तक जारी रहेगी मेट्रो ट्रेन की सेवा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com




नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पर गुरुवार से ही सुरक्षाकर्मियों की तैनाती कर दी गई है। टीशर्ट, टॉपी बेचने वालों ने भी डेरा जमा लिया है। मैच की सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं।

अहमदाबाद. शहर के मोटेरा क्षेत्र में स्थित नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में शुक्रवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 मैच खेला जाएगा। इस डे-नाइट टी-20 क्रिकेट मैच को ध्यान में रखते हुए गुजरात मेट्रो रेल कोर्पोरेशन (जीएमआरसी) ने अहमदाबाद में शुक्रवार को मेट्रो ट्रेन सेवा को रात 12.30 बजे तक बढ़ाने का निर्णय किया है। ताकि मैच देखकर घर लौटने में दर्शकों को कोई परेशानी ना हो। अहमदाबाद मेट्रो की सेवा सुबह 6:20 बजे से रात 10 बजे तक रहती है, लेकिन मैच के दिन रात 10 बजे से 12:30 बजे तक केवल मोटेरा स्टेडियम और साबरमती मेट्रो स्टेशन से यात्री मेट्रो में बैठ सकेंगे। वहां से वे अहमदाबाद मेट्रो के दोनों कॉरिडोर (मोटेरा से एपीएमसी और थलतेज गांव से वस्त्राल गांव) के किसी भी सक्रिय स्टेशन तक जा सकेंगे।

**गांधीनगर के लिए रात को दो ट्रेनें :** गांधीनगर जाने के लिए मोटेरा स्टेडियम से गांधीनगर सेक्टर-1 तक दो अतिरिक्त मेट्रो ट्रेनें रात 11:40 बजे और 12:10 बजे चलेंगी।

**दर्शकों को लेनी होगी 50 रुपए की विशेष पेपर टिकट :** रात 10 बजे के बाद मेट्रो ट्रेन सेवा का लाभ लेने के लिए दर्शकों को मेट्रो स्टेशन से 50 रुपए की विशेष पेपर टिकट लेनी होगी। इसका उपयोग मोटेरा स्टेडियम या साबरमती स्टेशन से अहमदाबाद मेट्रो के दोनों कॉरिडोर और गांधीनगर कॉरिडोर के सेक्टर-1 स्टेशन तक किया जा सकेगा। यह टिकट मैच के दिन पहले से कई स्टेशनों पर खरीदा जा सकेगा, जैसे- निरांत क्रॉस रोड, एपेरल पार्क, कालूपुर, ओल्ड हाईकोर्ट, थलतेज, मोटेरा, साबरमती, रानीप, वाडज, जीवराज पार्क, जीएनएलयू, इन्फोसिटी और सेक्टर-1। इससे यात्रियों को मैच के बाद टिकट के लिए लाइन में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। मोटेरा स्टेडियम से एपीएमसी स्टेशन की आखिरी ट्रेन रात 12:30 बजे और सेक्टर-1 स्टेशन की आखिरी ट्रेन रात 12:10 बजे चलेगी।

**जनपथ तिराहा, कृपा रेसिडेंसी से स्टेडियम तक मार्ग रहेगा बंद :** भारत-दक्षिण अफ्रीका डे-नाइट मैच को देखते हुए 19 दिसंबर को दोपहर तीन बजे से जनपथ तिराहे से मोटेरा स्टेडियम तक का मार्ग और मोटेरा कृपा रेसिडेंसी से मोटेरा गांव तिराहे तक का मार्ग सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद कर दिया जाएगा। गांधीनगर से आने वाले वाहन चालकों को तपोवन सर्कल से ओएनजीसी चार रास्ता वहां से विसत तीन रास्ता होते हुए जनपथ से पावर हाउस, चिमन पटेल ब्रिज होते हुए आवाजाही कर सकेंगे। राणीप से गांधीनगर जाने वाले वाहन भी इस रूट से जा सकेंगे। कृपा रेसिडेंसी से शरण स्टेटस चार रास्ता, भाट, कोटेश्वर रोड होकर अपोलो सर्कल से वाहन चालक आवाजाही कर सकेंगे।

10 अतिरिक्त बसें, मोटेरा क्षेत्र में विशेष व्यवस्था

## मैच के चलते आज रात एक बजे तक दौड़ेंगी बीआरटीएस बसें

अहमदाबाद @ पत्रिका. शहर के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शुक्रवार को होने वाले भारत-दक्षिण अफ्रीका के टी-20 क्रिकेट मैच के कारण अहमदाबाद शहर में बीआरटीएस बस सेवा का समय बढ़ा दिया गया है। दर्शकों की भारी भीड़ को देखते हुए बीआरटीएस की 46 बसें चलाने का निर्णय किया है। इनमें 36 नियमित बसें और 10 अतिरिक्त बसें शामिल होंगी। मैच देर रात तक चलने की संभावना को देखते हुए बस सेवा रात 1 बजे तक जारी रहेगी। स्टेडियम के आसपास स्थित मोटेरा क्रॉस रोड और साबरमती पुलिस स्टेशन बीआरटीएस स्टेशनों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। मैच के चलते रूट 04 (अंबा टाउनशिप/झुंडाल सर्कल से एल.डी. इंजीनियरिंग कॉलेज) पर 24 बसें सुबह 6 बजे से रात 1 बजे तक चलेंगी। रूट 07 (झुंडाल सर्कल से सरकारी लिथो प्रेस) पर 12 बसें उपलब्ध रहेंगी। मैच के समय दोपहर 3 बजे से मैच समाप्ति तक 10 अतिरिक्त बसें विसत जंक्शन तक चलाई जाएंगी। इस संचालन के लिए विशेष कर्मचारी और अधिकारियों को जिम्मा सौंपा गया है।